# राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.
Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

## राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2024-25 वार्षिक गतिविधियों का विवरण

| क्र. संख्या | गतिविधि का नाम | मुख्य अतिथि | भाग लेने वाले छात्रो कि संख्या | दिनांक | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 45 | 21-06-2024 | 1 |
| 2. | एकदिवसीय स्वच्छता अभियान | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 120 | 17-08-2024 | 1 |
| 3. | स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छता रैली | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 122 | 21-09-2024 | 1 |
| 4. | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं एवम पौधारोपण अभियान | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 128 | 24-09-2024 | 01 |
| * | दो स्वयंसेवियों का राज्य स्तरीय प्री-आरडी प्रशिक्षण के लिए चयन | ...................... | 02 | 26-09-2024 | 1 |
| 5. | गोद लिए गांव मारकंड की सफाई एवम स्वच्छता रैली | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 118 | 19-10-2024 | 01 |
| 6. | आपदा प्रवंधन संवधित कार्यशाला | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 150 | 15-10-2024 | 01 |
| 7. | सिविल हॉस्पिटल मारकंड का दौरा | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 15 | 28-10-2024 | 01 |
| 8. | एकदिवसीय स्वच्छता अभियान | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 104 | 08-11-2024 | 01 |
| 9. | एकदिवसीय स्वच्छता अभियान | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 111 | 31-12-2024 | 01 |

Principal
G C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

10. सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर 25-02-2025 से 03-03-2025 तक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम दिवस | शुभारंभ समारोह | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 135 | 25-02-2025 | |
| द्वितीय दिवस | शारीरिक गतिविधियां मंदिरों की शैलीपर व्याख्यान | प्राध्यापक अमित कपिल | 68 | 26-02-2025 | सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर |
| तृतीय दिवस | शारीरिक गतिविधियां एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान | स्वास्थ्य शिक्षिका श्रीमती विजय शर्मा सरकारी अस्पताल मारकंड | 66 | 27-02-2025 | |
| चतुर्थ दिवस | शारीरिक गतिविधियां एवं संचार कौशल समय प्रबंधनपर व्याख्यान | आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से कुमारी शगुन | 66 | 28-02-2025 | |
| पंचम दिवस | शारीरिक गतिविधियां एवं जैव एंजाइम का दैनिक जीवन में महत्व पर व्याख्यान | वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. जसवंत सिंह सैनी | 67 | 01-03-2025 | |
| षष्ठम दिवस | शारीरिक गतिविधियां एवं साइबर क्राइम के ऊपर विशेष व्याख्यान | शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक श्री विनोद कुमार जी | 66 | 02-03-2025 | |
| सप्तम दिवस | समापन समारोह | प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी | 150 | 03-03-2025 | |
| 11. | जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता | ...................... | 05 | 19-03-2025 | 01 |
| 12. | राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता | ......................... | 02 | 29-03-2025 | 01 |

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21 जून 2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में इस वर्ष स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ ध्रुव पाल जी की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया।स्वस्थव निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है।प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि योग शरीर को रोग मुक्त करता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर योग के अभ्यास को प्रोत्साहित करना है । यह दिन साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है। ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन में प्रवेश करता है, जिसे योग और अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। ध्यान व योग मानसिक शांति देता है ,जिससे सकारात्मक विचार आते हैं और लोग स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई और इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो अमन शर्मा , शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक प्रो विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त शिक्षक वर्ग में प्रो वीरेंद्र शर्मा, डॉ राजकुमार, डॉ राम प्रकाश ,डॉ राजेश ठाकुर, प्रो राजेंद्र, एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा|





Scanned with OKEN Scanner







सहायकाचार्य अमन शर्मा
Prog. Officer NSS
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी
G. C. Jukhala
राजकीय महाविद्यालय झुख्खाला
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
राजकीय महाविद्यालय झुख्खाला
Bilaspur (H. P.)

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -17403

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# एक दिवसीय स्वच्छता अभियान

दिनांक 17-08-2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दिनांक 17-08-2024 को प्राचार्य डॉ ध्रुव पाल सिंह जी की अध्यक्षता में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों , द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई तथा महाविद्यालय के चारों तरफ झाड़ियों का कटान किया गया। प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्रों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से विकसित करने में मदद करतें है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा के मार्ग दर्शन में 120 स्वयंसेवियों ने इस शिविर में श्रमदान किया । कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की शिविर में विभिन्न कार्यों को करने से छात्रों में नेतृत्व कौशल आत्मविश्वास तथा एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण शिक्षक वर्ग तथा गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।





Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner















अमर उजाला

न्यूज डायरी

**स्वयंसेवियों ने की कॉलेज परिसर की साफ-सफाई**

जुखाला कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय एनएसएस शिविर में कॉलेज परिसर की सफाई करते स्वयंसेवी। संवाद

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों और करियर काउंसलिंग सेल की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की। शिविर में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ -सफाई की और झाड़ियों का कटान किया गया। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस छात्रों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से विकसित करने में मदद करता है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के लिए स्वयं सेवा करने से छात्रों में आत्मविश्वास मिलता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय योजना प्रभारी प्रो. अमन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। संवाद



सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G.C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०)-174003

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

## स्वच्छतारैली

दिनांक 21- 9 -2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता रैली निकाली गई तथा स्वयंसेवियों ने शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुवपाल सिंह जी ने की। प्राचार्य जी ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए तथा अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने चाहिए। इसके बाद प्राचार्य जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवियों को स्वच्छता रैली के लिए रवाना किया गया। यह स्वच्छता रैली महाविद्यालय से गसौड चौक तक निकाली गई जिसमें माकड़ी मार्कण्ड पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्वयंसेवियों द्वारा प्लास्टिक व अन्य कूड़ा -कर्कट एकत्रित करते हुए लोगों को अपने पर्यावरण को साफ रखने तथा गंदगी न फैलाने का संदेश दिया गया। इसके बाद महाविद्यालय के परिसर में स्वयंसेवियों ने श्रमदान किया तथा मध्याह्न सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों को माय भारत पोर्टल में आईडी बनाना सिखाया। इस स्वच्छता अभियान में 122 स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।





Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)
















22/09/2024

अमर उजाला

**जुखाला कॉलेज में स्वयंसेवियों ने निकाली स्वच्छता रैली**

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में स्वच्छता अभियान इको क्लब, रोवर व रेंजर्स और कैरिअर काउंसलिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने शपथ ग्रहण की। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी। हरी झंडी दिखाते हुए स्वच्छता रैली को महाविद्यालय परिसर से रवाना किया गया। यह रैली गसौड़ चौक तक निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक और अन्य कूड़ा कर्कट इकट्ठा किया। वहीं, खेल परिसर में श्रमदान किया। संवाद

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालयजुखालाबिलासपुर (हि०प्र०) –17403

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवम पौधा रोपण अभियान

दिनांक: 24-9-2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "राष्ट्रीय सेवा योजना" स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुवात भगवती शारदा की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी का स्वागत , पुष्प गुच्छ एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया । इसके बाद स्वयं सेवियों के विभिन्न समूहों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें एकल गीत, समूहगान, गिद्दा,पंजाबी नृत्य तथा प्रेरणात्मक नाटक शामिल थे । कार्यक्रम के अगले पड़ाव में प्राचार्य जी ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को संवोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से आप अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखार सकते हैं और अपने व्यक्तित्व का विकास क सकते हैं । आज के युवाओं को समाज से जोड़ने वाली तथा समाज के लिए समर्पण की भावना को अपना नेवाली कड़ी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई है । इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रकार के पौधों को महाविद्यालय के चारों ओर लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया |इस कार्यक्रम में 128 स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।







Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner












# स्वयंसेवियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जुखाला में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस**






सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.
Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08


## राज्य स्तरीय एनएसएस प्री आरडी ट्रेनिंग के लिए दो मेधावियों का चयन

दिनांक 26-09-2023

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुदीक्षा धीमान का चयन राज्य स्तरीय प्री आर डी प्रशिक्षण के लिए हुआ है। दिनांक 26 .9 .2024 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में जिला स्तरीय एन एस एस प्री आर डी ट्रेनिंग शिविर में विभिन्न महाविद्यालय से आए स्वयंसेवियों ने भाग लिया था जिसमें अभिषेक एवं सुदीक्षा का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है जो सुंदर नगर महाविद्यालय में 01 अक्टुबर को होना है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ध्रुव पाल सिंह जी ने एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने दोनों स्वयंसेवियों को बधाई दी तथा अगले प्रशिक्षण शिवर के लिए भी शुभकामनाएं प्रदान की है।



Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

## दो स्वयंसेवी प्री आरडी प्रशिक्षण में लेंगे भाग



राज्य स्तरीय एनएसएस प्री आरडी प्रशिक्षण के लिए चयनित जुखाला महाविद्यालय के विद्यार्थी। जागरूक पाठक

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला को एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी अभिषेक और सुदीक्षा धीमान का चयन राज्य स्तरीय एनएसएस प्री आरडी प्रशिक्षण के लिए हुआ है। बिलासपुर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय एनएसएस प्री आरडी प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवियों ने भाग लिया था, जिसमें उनका चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने दोनों स्वयंसेवियों को बधाई दी और आगामी प्रशिक्षण शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। संवाद

## जुखाला महाविद्यालय के दो मेधावी छात्रों का राज्य स्तरीय एनएसएस प्री आरडी प्रशिक्षण के लिए चयन



चयनित छात्र एवं छात्रा।

सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा बिलासपुर, : राजकीय महाविद्यालय जुखाला की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी, बीए तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुदीक्षा धीमान का चयन राज्य स्तरीय प्री आरडी प्रशिक्षण के लिए हुआ है। दिनांक 26.09.2024 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय एनएसएस प्री आरडी प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवियों ने भाग लिया था, जिसमें अभिषेक और सुदीक्षा का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने दोनों स्वयंसेवियों को बधाई दी और आगामी प्रशिक्षण शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं।




सहायकाचार्य अमनशर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal प्राचार्य
G. C. Jukhala
राजकीय महाविद्यालय जुखाला
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०)-174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhala.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# आपदा प्रबंधन संबधित कार्यशाला

दिनांक 15 -10-2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में आयोजित आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल ने छात्रों को आपदाओं से निपटने के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया।इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा के दौरान सूझबूझ और सही ढंग से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना था।महाविद्यालय की आपदा प्रबंधन समिति, रोवर एंड रेंजर, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया।महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. ध्रुव पाल सिंह, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल्स युवा पीढ़ी को मानसिक और शारीरिक रूप से आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करती हैं। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ श्री बाबू राम, कंपनी कमांडर होमगार्ड, ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपदा के समय यदि सही दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए तो बड़े नुकसान से बचा जा सकता है।अपने वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में समझाया और भूकंप, बाढ़, आग तथा अन्य आपदाओं के दौरान सुरक्षित और प्रभावी उपायों की जानकारी दी। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आपदा के प्रति जागरूकता और तत्परता को बढ़ाया, जिससे वे भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें।इस मॉक ड्रिल में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।





Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner





# आपदा के दौरान सूझबूझ से कार्य करने के लिए किया प्रशिक्षित



## महाविद्यालय जुखाला में मॉकड्रिल का आयोजन











## मॉकड्रिल आपदा से निपटने के लिए करती है तैयार : ध्रुव

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
प्राचार्य
G. C. Jukhala
राजकीय महाविद्यालय जुखाला
Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -17403
Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.
Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# स्वच्छता रैली एवम गोद लिए गांव मारकंड की सफाई

दिनांक 19 अक्टूबर 2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ध्रुव पाल सिंह जी की अध्यक्षता मेंराष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स एंड रेंजर्स और रोड सेफ्टी क्लब ने साथ मिलकर स्वच्छता रैली निकाली। यह रैली महाविद्यालय से गसौड़ चौक होते हुए मारकंड तक निकाली गयी। इस रैली में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक को दूर भगाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है ,भारत का यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना इत्यादि नारे लगाकर आसपास के क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक सहायक आचार्य अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर प्रातः कालीन सत्र में महाविद्यालय के भीतरी क्षेत्र को स्वच्छ किया। तत्पश्चात एक स्वच्छता रैली महाविद्यालय से मारकंड तक निकाली गई जिसका उद्देश्य आसपास के क्षेत्र के लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना तथा प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना रहा । मारकंड में पहुंचकर स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव मारकंड की सफाई की । इस कार्यक्रम में लगभग 118 स्वयंसेवियों ने भाग लिया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो अमित कपिल, प्रो प्रेम एवं प्रो दीपाली विशेष रूप से उपस्थित रहे।




Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner



## प्लास्टिक को दूर भगाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है

रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते स्वयंसेवी। स्रोत : संस्थान

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स एंड रेंजर और सड़क सुरक्षा क्लब ने साथ मिलकर स्वच्छता रैली निकाली। यह रैली कॉलेज से मारकंड तक निकाली गई। इस रैली में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक को दूर भगाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है, भारत का यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना आदि नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई के समन्वयक सहायक आचार्य अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर सुबह के सत्र में कॉलेज परिसर को स्वच्छ किया। रैली का उद्देश्य आसपास के क्षेत्र के लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना था। स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव मारकंड की सफाई की। इस अवसर पर प्रो. अनिल कनिल, प्रो. प्रेम, प्रो. दीपाली आदि उपस्थित रहे। संवाद












सहायकाचार्य अमनशर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) –174003

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# सिविल हॉस्पिटल मारकंड का दौरा

दिनांक: 28/10/2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा ये दिवाली my भारत वाली कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल मार्कंड का दौरा किया गया। स्वयंसेवियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ• ध्रुव पाल सिंह जी ने महाविद्यालय परिसर में संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार ने एक नया सूचना पूर्ण पोर्टल "my bhart portal" शुरू किया है जिसका उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं के लाभ का हकदार बनाना है। यह पोर्टल युवाओं को अनुभावनात्मक शिक्षा से जुड़े अवसरों का लाभ दिलाने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच समान अवसर प्रदान करना और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा के दिशा निर्देश में स्वयंसेवी मार्कंडेय अस्पताल में पहुंचे। स्वयंसेवियों ने सिविल हॉस्पिटल मार्कंडेय अस्पताल में भर्ती मरीजों को दिवाली त्योहार की शुभकामनाएं प्रदान की तथा उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद अस्पताल के आसपास प्लास्टिक व अन्य कूड़े कर्कट की सफाई की और स्थानीय लोगों को दिवाली के पावन अवसर की शुभकामनाएं प्रदान की गयी। इस अवसर पर विशेष रूप से शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ विनोद कुमार, डॉक्टर राजेश ठाकुर एवम प्रोफेसर प्रेम विशेष रूप से उपस्थित रहे।





Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया सिविल अस्पताल मार्कंडेय का दौरा



सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा बिलासपुर, : राजकीय महाविद्यालय जुखाला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सिविल हॉस्पिटल मार्कंडेय का मेरा भारत पोर्टल के एक वर्ष पूरा होने पर दौरा किया। स्वयंसेवियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल ने महाविद्यालय परिसर में संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार ने एक नया सूचना पूर्ण पोर्टल मेरा भारत शुरू किया है जिसका उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं के लाभ का हकदार बनाना है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह पोर्टल युवाओं को अनुभावनात्मक शिक्षा से जुड़े अवसरों का लाभ दिलाने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच समान अवसर प्रदान करना और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सिविल हॉस्पिटल मार्कंडेय के मरीजों की जल्द स्वस्थ्य लाभ की कामना की और दिवाली त्योहार की शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल के आसपास साफ सफाई की।








सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# एक दिवसीय स्वच्छता अभियान

दिनांक 8 नवंबर 2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दिनांक 8 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया|यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ० कश्मीर सिंह ठाकुर जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एनएसएस योजना के प्रभारी अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर के चारों ओर झाड़ियों का कटान, मैदान परिसर की सफाई, महाविद्यालय के कमरों की सफाई, तथा कूड़ा कचरा व प्लास्टिक को इकट्ठा किया । इसके साथ-साथ महाविद्यालय की क्यारियों के चारों ओर रंग रोगन व सफाई की गई ! इस स्वच्छता अभियान में 104 स्वयंसेवियों ने भाग लिया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय का शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा|











जुखाला कालेज में स्वयंसेवियों ने संवारा परिसर

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner





## जुखाला कालेज में स्वयंसेवियों ने संवारा परिस

बिलासपुर, ( आपका फैसला )। राजकीय महाविद्यालय जुखा कार्यकारी प्राचार्य डॉ. कश्मीर ठाकुर की अध्यक्षता में स्वयंसेवियों द्वारा एक दि सफाई अभियान का आयोजन गया। जिसमें एनएसएस योज प्रभारी प्रो. अमन शर्मा स्वयंसेवियों के साथ मि महाविद्यालय परिसर के चारों झाड़ियों का कटान, मैदान की सफाई, महाविद्यालय के की सफाई तथा कूड़ा कच प्लास्टिक को इकट्ठा किया। साथ.साथ महाविद्यालय क्यारियों के चारों ओर रंग रो सफाई की गई। इस स्व अभियान में 104 स्वयंसेवि भाग लिया तथा इस अवसर पर



7 शिमला, रविवार, 10 नवम्बर 2024 www.dainiksaveratimes.com

## जुखाला कालेज में स्वयंसेवियों ने संवारा परिसर

सवेरा न्यूज /अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय जुखाला में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस योजना के प्रभारी प्रो. अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर के चारों ओर झाड़ियों का कटानए मैदान परिसर की सफाई, महाविद्यालय के कमरों की सफाई तथा कूड़ा कचरा व प्लास्टिक को इकट्ठा किया। इसके साथ.साथ महाविद्यालय की क्यारियों के चारों ओर रंग रोगन व सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में 104 स्वयंसेवियों ने भाग लिया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय का शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।



सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174003

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08


## एक दिवसीय स्वच्छता अभियान

दिनांक 31-12-2024

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ध्रुव पाल सिंह जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में अद्वितीय साहस गौरव एवं त्याग की भावना एनएसएस शिविरों में कार्य करने से ही आती है। इस प्रकार के शिविर हमें समाज में सही तरीके से जीवन यापन करना सिखाते हैं। हमें इन शिविरों में अवश्य भाग लेना चाहिए । इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा के निर्देशानुसार स्वयंसेवियों ने अध्यापन कक्षों एवं महाविद्यालय के चारों तरफ प्लास्टिक व अन्य कूड़ा कर्कट इत्यादि की सफाई की।इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने क्यरियों के चारों तरफ रंग रोगन किया। इस स्वच्छता अभियान में 111 स्वयंसेवायों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण शिक्षक वर्ग एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा ।




Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner











सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
Govt. College Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०)-174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail : principalgcjukhala@gmail.com Website:https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter:https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस

**दिनांक:- 25/02/2025**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 25 फरवरी 2025 को हुआ| जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ध्रुवपाल सिंह जी ने शिरकत की। एनएसएस स्वयंसेवियो द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और बैज लगाकर मुख्यअतिथि महोदय जी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लन और मां भगवती सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियो ने एनएसएस गीत बहुत ही मधुर स्वर में गाया । इस अवसर पर स्वयंसेवी सुदीक्षा द्वारा पहाड़ी गीत गाया गया तथा अन्य स्वयंसेवियो द्वारा पहाड़ी नाटी और गिद्दा भी प्रस्तुत किया गया। मुख्यअतिथि ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गति विधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना का थीम स्वच्छता तथा सतत विकास पर मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के योजना प्रभारी श्री अमन शर्मा सहायक आचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सात दिवसीय शिविर की समस्त गतिविधियों से अवगत करवाया। एनएसएस प्रभारी ने सभी एनएसएस स्वयंसेवियों को पांच समूह में विभाजित किया जिसमें पहला समूह सुभाष, दूसरा समूह लक्ष्मीबाई, तीसरा समूह विवेकानंद,चौथा समूह शिवाजी और पांचवा समूह नेहरू रहे। सभी समूहों को अगले दिन के कार्य भार सौंपे गए और इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

## जुखाला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



शिविर शुभारंभ प्रदीप प्रज्वलित करते मुख्यातिथि।

सवेरा न्यूज / अरुण डोगरा रीतू , बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान होता है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। इस योजना का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा प्रदान करने का अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का थीम स्वच्छता तथा सतत विकास पर मुख्य अतिथि ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के योजना प्रभारी श्री अमन शर्मा, सहायक आचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सात दिवसीय शिविर की कार्य की समस्त गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

## जुखाला कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

कश्मीर ठाकुर। चम्बा एक्सप्रेस। बिलासपुर




राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. 'ध्रुव पाल सिंह दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। इस योजना का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा प्रदान करने का अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का थीम स्वच्छता तथा सतत विकास पर मुख्य अतिथि ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के योजना प्रभारी अमन शर्मा, सहायक आचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सात दिवसीय शिविर की कार्य की समस्त गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner











Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner



## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का द्वितीय दिवस

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत 26 फरवरी 2025 को हुई । जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के मैदान में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए । प्रार्थना सभा में स्वयंसेवियो द्वारा सुविचार ,समाचार तथा पिछले दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा सभी स्वयंसेवियों को महाविद्यालय परिसर के चारों ओर सफाई करने का कार्यभार सौंपा गया। जलपान के पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर के चारों ओर सफाई की गई। सफाई करने के पश्चात स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। तदोपरांत बौद्धिक सत्र हुआ। जिसमें हमारे मुख्य वक्ता इतिहास के आचार्य अमित कपिल रहे। बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि जी के द्वारा मंदिरों की शैली के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई इसके साथ-साथ कहलूर रियासत से जुड़े हुए विभिन्न तथ्यों के बारे में स्वयंसेवियो से अपने विचार सांझा किये तथा इसके साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के विषय में विस्तृत रूप से स्वयंसेवियों को अवबोधित किया। बौद्धिक सत्र के समाप्त होने के पश्चात स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल-कूद गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। तत्पश्चात सायंकाल में राष्ट्रगान के साथ सप्त दिवसीय एनएसएस शिवर के द्वितीय दिवस का विराम हुआ।

Prog. Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner









Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner









Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का तृतीय दिवस

राजकीय महाविद्यालय जुखला में सप्तदिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग अभ्यास और प्रातः सभा से की गई। प्रार्थना सभा में लक्ष्मीबाई समूह के स्वयंसेवियों द्वारा सुविचार, समाचार, प्रश्नोत्तरी और पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उसके उपरांत सभी स्वयंसेवी मार्कंडेय ऋषि मंदिर में गए । स्वयंसेवियों ने तीर्थ स्थल पर जाकर भीड़ प्रबंधन **"Crowd Management"** का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। स्वयंसेवियों द्वारा प्राकृतिक जल स्रोत और मंदिर के परिसर की साफ सफाई की गई। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र रहा। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षक श्रीमती विजय शर्मा और स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक श्री श्यामलाल ने स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति के विषय में जागरूक किया। उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा कि **WHO** के अनुसार मानव स्वास्थ्य के तीन स्तंभ है शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक स्वास्थ्य तथा मानव जीवन में इनके महत्व को समझाया । इसी के साथ उन्होंने भोजन में आवृत्ति विविधता और स्थिरता के बीच के संबंध और उनके महत्व के बारे में स्वयंसेवियों से जानकारी साझा की। सभी स्वयंसेवियों द्वारा विशिष्ट अतिथि जी के वक्तव्य को ध्यानपूर्वक सुना गया। बौद्धिक सत्र के अंत में एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा ने विशिष्ट अतिथियों को एनएसएस कैप पहनाकर सम्मानित किया ।बौद्धिक सत्र के पश्चात लक्ष्मीबाई समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने विभिन्न खेलों जैसे कि वालीवाल क्रिकेट आदि में हिस्सा लिया और सायंकाल में राष्ट्रगान के साथ तृतीय दिवस का विराम हुआ।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner











Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner










## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

### परिसर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





दिव्य हिमाचल 01/03/2025

## स्वयंसेवियों ने संवारा मार्कंडेय मंदिर, चलाया सफाई अभियान



Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजनाके सप्त दिवसीय शिविर का चतुर्थ दिवस

राष्ट्रीय महाविद्यालय में सप्त दिवसीय शिविर चौथे दिन की शुरुआत योगाभ्यास और प्रार्थना सभा से की गई। प्रार्थना सभा में विवेकानंद समूह के स्वयंसेवियों ने सुविचार ,समाचार ,प्रश्नोत्तरी और पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा स्वयंसेवियों को कार्यभार सौंपा गया । स्वयंसेवियों ने जलपान के पश्चात महाविद्यालय के अध्ययन कक्ष और अंदर की क्यारियों की साफ सफाई की। सफाई के पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया । तत्पश्चात बौद्धिक सत्र के लिए सभी स्वयंसेवी एकत्रित हुए। बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से कुमारी शगुन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों से पढ़ाई के साथ अपने अंदर के कौशल जैसे संचार कौशल समय प्रबंधन निर्णय लेने की क्षमता सामूहिक कार्य समस्या को सुलझाने की रणनीति इत्यादि विस्तृत करने के लिए विस्तृत जानकारी साझा की। बौद्धिक सत्र के पश्चात विवेकानंद समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने पहाड़ी नाटी, समूह गान और एकल गान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियो ने खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया और सायं काल में राष्ट्रगान के साथ चौथे दिवस का विराम हुआ।

## युवा सशक्तिकरण व कौशल विकास पर जागरूकता व्याख्यान



जानकारी देती आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की कुमारी शगुन।

सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा रीतू

बिलासपुर, 1 मार्च : राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डा. ध्रुव पाल की अध्यक्षता में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा युवा सशक्तिकरण व कौशल विकास विषय पर एक जागरूकता सत्र का व्याख्यान आयोजित किया गया । जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से कुमारी शगुन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। उन्होंने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के साथ-साथ अपने अंदर के कौशल जैसे संचार कौशल, समय प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता, सामूहिक कार्य, समस्या को सुलझाने की रणनीति इत्यादि विकसित करने के लिए विस्तृत जानकारी सांझा की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सैल के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने करियर पथ पर आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग सेल के समन्वयक डॉ. राम प्रकाश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner










Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner





## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का पंचम दिवस

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एनएसएस सप्त दिवसीय शिविर के पंचम दिवस की शुरुआत योगाभ्यास और प्रार्थना सभा से की गई। प्रार्थना सभा में शिवाजी समूह के स्वयंसेवियो द्वारा सुविचार, समाचार, प्रश्नोत्तरी और पिछले दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातःकाल की गतिविधियों के पश्चात एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा स्वयंसेवियों को कार्यभार सौंपे गए। स्वयंसेवियों द्वारा जलपान के पश्चात् उद्यानों की गुड़ाई, खाद डालने, सफाई और रंग रोगन का काम किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र रहा|

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# बौद्धिक सत्र

# जैव एंजाइम का दैनिक जीवन में महत्व

वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ जसवंत सैनी जी **बौद्धिकसत्र** में विशेष वक्ता रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को **जैव एंजाइम का दैनिक जीवन में महत्व समझाया**। जैव एंजाइम का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है जिनमें **खाद्य उद्योग,चिकित्सा, कृषि, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण प्रमुख है।** खाद्य उद्योग में जैव एंजाइम का उपयोग ब्रेड बनाने, दूध को पनीर में बदलने और फलों को सरंक्षित करने में, कृषि में जैव एंजाइम का उपयोग फसलों को उगाने और मिट्टी को उपजाऊ बनाने में तथा पर्यावरण संरक्षण में जैव एंजाइम का उपयोग प्रदूषण को कम करने और जल संरक्षण में किया जाता है। इन सभी क्षेत्रों में जैव एंजाइम का उपयोग हमारे जीवन को आसान और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद करता है। इस व्याख्यान का उद्देश्य स्वयंसेवियों के माध्यम से प्रत्येक जन तक दैनिक जीवन में जैव एंजाइम की उपयोगिता को दर्शाना था। बौद्धिक सत्र के अंत में एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा ने विशिष्ट अतिथि को कैप पहनाकर सम्मानित किया। बौद्धिक सत्र के पश्चात शिवाजी समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने विभिन्न खेलों जैसे वालीबाल, क्रिकेट आदि में हिस्सा लिया। सांयकाल में राष्ट्रगान के साथ पंचम दिवस का विराम हुआ।





Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner










Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का षष्ठम दिवस

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एनएसएस सप्तदिवसीय शिविर के षष्ठम दिवस की शुरुआत योगाभ्यास और प्रार्थना सभा से की गई। प्रार्थना सभा में नेहरू समूह के स्वयंसेवियो द्वारा सुविचार ,समाचार, प्रश्नोत्तरी और पिछले दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा स्वयंसेवियों को कार्यभार सौंपा गया। स्वयंसेवियो द्वारा जलपान के पश्चात गसौड़ चौक तक प्लास्टिक व कूड़ा करकट एकत्रित किया गया तथा कुछ स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के मैदान की सफाई की गई। सफाई करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियो द्वारा भोजन किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र रहा| जिसमें शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉक्टर विनोद कुमार विशेष वक्ता रहे। विशिष्ट वक्ता का स्वागत एनएसएस कैप पहनाकर किया गया।इन्होंनेअपनेवक्तव्य में बताया कि शरीर की संरचना किस प्रकार हुई तथा शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारत में बढ़ रहे साइबर क्राइम के ऊपर विशेष रूप से प्रकाश डाला। बौद्धिक सत्र के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम मे नेहरू समूह के स्वयंसेवी कृतिका द्वारा एकल गान तथा स्वयंसेवीआरती द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवियों ने खेलकूद में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सांयकाल में राष्ट्रगान के साथ षष्ठम दिवस का विराम हुआ।






Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner














Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C, Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# समापन समारोह

एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का समापन समारोह 3 मार्च 2025 को संपन्न हुआ । इस दिन की शुरुआत प्रातः कालीन प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवी समापन समारोह की तैयारी मे लग गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सह आचार्य राजेश कुमार जी ने शिरकत की। एनएसएस स्वयंसेवियो द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और बैज लगाकर मुख्य अतिथि महोदय जी का स्वागत किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लन और मां भगवती सरस्वती की वंदना से किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अमन शर्मा ने मुख्य अतिथि व प्राचार्य महोदय जी का स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत बहुत मधुर स्वर में गाया । इस अवसर पर स्वयंसेवी सुदीक्षा द्वारा पहाड़ी गीत , स्वयंसेवी अंशिका द्वारा एकल नृत्य तथा अन्य स्वयंसेवियो द्वारा पहाड़ी नाटी और गिद्दा प्रस्तुत किया गया।स्वयंसेवियों ने साइबर क्राइम पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया। तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवी भावना शर्मा ने सप्त दिवसीय शिविर की रिपोर्ट पढी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद प्राचार्य महोदय और मुख्य अतिथि महोदय जी का वक्तव्य रहा। प्राचार्य महोदय जी ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना एक प्रक्रिया नहीं बल्कि जीने का एक तरीका है । यह योजना हमें एक समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है । मुख्य अतिथि महोदय जी ने अपने संबोधन में जीवन में मेहनत करने की सलाह दी व समय का सदुपयोग करने पर प्रकाश डाला। और कहा किराष्ट्रीयसेवायोजना खुद से पहले दूसरों के हित में वनी है। मुख्य अतिथि जी के वक्तव्य के बाद छात्र वर्ग में अभिषेक को श्रेष्ठ स्वयंसेवी तथा छात्रा वर्ग में अदिति ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी का खिताब दिया गया । इसके अतिरिक्त अनुशासन तथा सर्वश्रेष्ठ संस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समूह को भी मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। अंतिम में एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियो का धन्यवादज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान गाकर इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 04/03/2025

## अभिषेक-अदिति ठाकुर चुने श्रेष्ठ स्वयंसेवी



जुखाला। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डा. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना दीप प्रज्वलन से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अमन शर्मा ने मुख्य अतिथि व प्राचार्य महोदय का स्वागत अभिनंदन किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना एक प्रक्रिया नहीं बल्कि जीने का एक तरीका है। यह योजना हमें एक समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर सह आचार्य राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में जीवन में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। इस दौरान स्वयंसेवियों ने साइबर क्राइम के ऊपर एक नाटक भी प्रस्तुत किया। छात्र वर्ग में अभिषेक को श्रेष्ठ स्वयंसेवी और छात्रा वर्ग में अदिति ठाकुर को श्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।

## जुखाला महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का समापन



दीप प्रज्वलित करते मुख्यातिथि।

**सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा रीतू बिलासपुर,** : राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डा. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना दीप प्रज्वलन से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अमन शर्मा ने मुख्यातिथि व प्राचार्य महोदय का स्वागत अभिनंदन किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना एक प्रक्रिया नहीं बल्कि जीने का एक तरीका है। यह योजना हमें एक समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार सह आचार्य ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में जीवन में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी व समय के सदुपयोग पर प्रकाश डाला। इस योजना के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना खुद से पहले दूसरों के हित में बनी है। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक रंगा-रंग कार्यक्रम आयोजित किये। स्वयंसेवियों ने साइबर क्राइम के ऊपर एक नाटक भी प्रस्तुत किया। छात्र वर्ग में अभिषेक को श्रेष्ठ स्वयंसेवी से भी और छात्रा वर्ग में अदिति ठाकुर को श्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा ।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C, Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner















Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner












सहायक आचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्वयंसेवियों ने 19 मार्च 2025 को बिलासपुर के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' था, जो भारत में चुनावी प्रक्रिया की एकता और समरसता को दर्शाता है। प्रतियोगिता के लिए 5 से 16 मार्च 2025 तक बिलासपुर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 196 विद्यार्थियों ने 'My Bharat Portal' पर ऑन लाइन प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से राजकीय महाविद्यालय जुखाला से बीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं सृजल, रिक्षिता शर्मा, रीना देवी, प्रिया और बीए तृतीय वर्ष से भावना शर्मा और अभिषेक का चयन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की और उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।








Scanned with OKEN Scanner

## जुखाला महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



देवभूमि मिरर/बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय जुखाला स्वयंसेवियों ने जिला स्तरीय संभा प्रतियोगिता में स्नातकोतर महाविद्या बिलासपुर में भाग लिया। जिस विषय था एक राष्ट्र, एक चुनाव मार्च से 16 मार्च 2025 तक बिलास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों विद्यार्थियों ने आन लाइन प्रतियोगि में भाग लिया था, जिसमें से राजक महाविद्यालय जुखाला से सृज रिक्षिता, रीना तथा प्रिया बीए द्वि वर्ष एवं भावना, अभिषेक तृतीय के विद्यार्थियों का चयन हुआ। अवसर पर महाविद्यालय के प्रा डॉक्टर ध्रुव पाल सिंह ने तथा राष्ट्रीय

**एक नजर**

## छात्रों ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में लिया भाग



जुखाला। राजकीय महाविद्यालय जुखाला के स्वयंसेवियों ने बुधवार को जिला स्तरीय सभाषण प्रतियोगिता में स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में भाग लिया। जिसका विषय था एक राष्ट्र, एक चुनाव। पांच से 16 मार्च तक बिलासपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों ने माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें राजकीय महाविद्यालय जुखाला से सृजल, रिक्षिता, रीना तथा प्रिया बीए द्वितीय वर्ष एवं भावना, अभिषेक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का चयन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर ध्रुव पाल सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने चयनित मेधावियों को शुभकामनाएं प्रदान की है।






सहायक आचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला
Principal
G.C. Jukhala
Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08


## राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय, जुखाला की छात्राएं भावना शर्मा (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) और रीक्षिता शर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि 19 मार्च 2025 को आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता के दौरान हासिल हुई, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर में संपन्न हुई थी, जिसमें से श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन 10 विद्यार्थियों में राजकीय महाविद्यालय, जुखाला की दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुवपाल सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे न केवल शिक्षित बनें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की इसी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है।





Sunday, 23-03-2025 www.thenewswarrior.com

### जुखाला कॉलेज की छात्राओं का राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता के लिए चयन

द न्यूज वॉरियर
बिलासपुर 23 मार्च

राजकीय महाविद्यालय जुखाला की छात्राएं भावना शर्मा (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) और रीक्षिता शर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि 19 मार्च 2025 को आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता के दौरान हासिल हुई, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर में संपन्न हुई थी, जिसमें से श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन 10 विद्यार्थियों में राजकीय महाविद्यालय, जुखाला की दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

राजकीय महाविद्यालय जुखाला की छात्राएं व कॉलेज स्टॉफ

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा (सहायक आचार्य) ने छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे न केवल शिक्षित बनें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की इसी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है।

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner



## जुखाला कालेज की छात्राओं का राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता के लिए चयन



चयनित विद्यार्थी।

सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा, बिलासपुर, 22 मार्च : राजकीय महाविद्यालय जुखाला की छात्राएं भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि 19 मार्च 2025 को आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता के दौरान हासिल हुई, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई थी, जिसमें से श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन 10 विद्यार्थियों में राजकीय महाविद्यालय जुखाला की दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे न केवल शिक्षित बनें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की इसी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है।

## जुखाला कालेज की छात्राओं का राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता के लिए चयन



बिलासपुर, (आपका फैसला)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला की छात्राएं भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि 19 मार्च 2025 को आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता के दौरान हासिल हुई, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई थी, जिसमें से श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन 10 विद्यार्थियों में राजकीय महाविद्यालय जुखाला की दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे न केवल शिक्षित बनें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की इसी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है।

## जुखाला कालेज की छात्राएं संभाषण प्रतियोगिता में चयनित



कश्मीर ठाकुर। चम्बा एक्सप्रेस। बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय जुखाला की छात्राएं भावना शर्मा और रीक्षिता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि 19 मार्च 2025 को आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद संभाषण प्रतियोगिता के दौरान हासिल हुई, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई थी, जिसमें से श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन 10 विद्यार्थियों में राजकीय महाविद्यालय जुखाला की दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा ने छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे न केवल शिक्षित बनें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनें।

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner